पेपर उत्पादन कंपनी का गुजरात सरकार के साथ 1500 करोड़ का एमओयू...

करीब 1000 वनबंधु युवाओं को मिलेगा रोजगार

दस हजार किसानों को होगा आर्थिक लाभ

गांधीनगर. मुख्यमंत्री विजय रूपाणी की उपस्थिति में देश की अग्रणी पेपर उत्पादन कंपनी- जेके पेपर लिमिटेड ने गुजरात सरकार के साथ 1500 करोड़ के समझौते पर हस्ताक्षर (एमओयू) किया। इस एमओयू के तहत राज्य के तापी जिले के आदिवासी इलाके सोनगढ़ में अपने संयंत्र का आधुनिकीकरण व विस्तार करेगी।

इस संयंत्र में दिसम्बर 2020 तक उत्पादन होगा। इस बड़े पैमाने पर स्थानीय युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे। कम्पनी के प्लांट की पर्यावरण के अनुकूल डिजाइन पर मुख्यमंत्री ने संतोष जताया।

इस अवसर पर उद्योग एवं खान विभाग के प्रधान सचिव एम के दास, उद्योग आयुक्त ममता वर्मा और इंडेक्स्ट-बी के प्रबंध निदेशक राजकुमार बेनीवाल भी उपस्थित थे।

आदिवासी तापी जिले के सोनगढ़ स्थित कम्पनी की ईकाई फिलहाल 2200 स्थानीय युवाओं को स्थायी रूप से रोजगार उपलब्ध करा रही है। अब इस

संयंत्र के विस्तृतीकरण के चलते 1000 अन्य स्थानीय युवाओं को भी रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे। यहां के आदिवासी किसान कंपनी को पेपर निर्माण के लिए कच्चा माल भी उपलब्ध करवा सकेंगे। करीब 10,000 वनवासी किसानों को इसके चलते आर्थिक लाभ होगा।

कंपनी के प्रबंध निदेशक हर्षपति सिंघानिया ने कहा कि गुजरात सरकार की उद्योग नीतियों और सुशासन के चलते अनेक उद्योग गुजरात में कारोबार को विस्तृत करने के लिए आतुर हैं।